e-mail

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)–01/2022 3007 पटना, दिनांक– 21/10/2022

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया के पत्रांक 275–I दिनांक 06.08.2022 के द्वारा श्री अनुभव राज, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (ID No. SKN00914) के विरूद्ध अनाधिकृत अनुपस्थिति का आरोप लगाते हुए सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गई है।

उक्त संसूचित अनुशंसा के आलोक में निदेशालय के ज्ञापांक–2368 दिनांक 12.09.2022 द्वारा श्री अनुभव राज से तीन दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। निदेशालय कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र में यह तथ्य भी अंकित किया गया है कि निर्धारित समय पर स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करने पर अनाधिकृत अनुपस्थिति के आरोप में संविदा सेवा समाप्त कर दिया जाएगा। श्री राज द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित समय में समर्पित किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री राज द्वारा अपने अनाधिकृत अनुपस्थिति के आरोप के संबंध में कोई स्पष्टीकरण न देते हुए अपने पारिवारिक समस्याओं का उल्लेख करते हुए पद से ही त्याग पत्र देने की सूचना दी गई है। इस प्रकार इनका कृत्य उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है। ये अपने कर्तव्य से दिनांक 19.11.2020 से लगातार अनुपस्थित रह रहें है, बिहार सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयवद्व योजना है जिसे निर्धारित अवधि में पुरा किया जाना है इनके लगातार अनुपस्थित रहने से सर्वेक्षण कार्य बाधित हुआ है, इस परिपेक्ष्य में इनका त्याग पत्र स्वीकृत किया जाना कतई उचित नहीं होगा बल्कि इनका संविदा नियोजन लगाए गए प्रमाणित आरोपों के आलोक में समाप्त किया जाना उपयुक्त होगा।

अतः बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली–2019"** के नियम 8(4) के तहत अनाधिकृत अनुपस्थिति के आरोप में श्री अनुभव राज, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (ID No. SKN00914) का संविदा नियोजन आदेश निर्गत की तिथि से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 21/10/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)–01/2022 3007 **पटना, दिनांक** : 21/10/2022

प्रतिलिपि :– श्री अनुभव राज, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो (ID No. SKN00914) **E-mail. ID:- anu.raj.yad@gmail.com** को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 21/10/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)–01/2022 3007 **पटना, दिनांक** : 21/10/2022

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, खगड़िया को उनके पत्रांक 275–I दिनांक 06.08.2022 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 21/10/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)–01/2022 3007 **पटना, दिनांक** : 21/10/2022

प्रतिलिपि :– प्रभारी आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 21/10/22

D:\Jyoti-2022\Bablu Sir\Order\19-10-2022\01-2022 19-10-2022.doc